सुविचार
जिंदगी एक शिक्षक की तरह होती है जो, समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है !

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-39 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 3 नवम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

अवैध तरीके से नक्शा मंजूर करने वाले अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए/legal advice......

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

जब कोई व्यक्ति किसी कॉलोनी के निर्माण की अनुमति प्राप्त नहीं करता है एवं अवैध तरीके से कॉलोनी निर्माण के लिए उसे नक्शे एवं ले-आउट को बनवाता है इसके लिए वह किसी विशेषज्ञ से कॉलोनी को रिश्वत देकर नक्शा बनवाता है ऐसे अधिकारी पर क्या कार्यवाही होगी जानिए।

मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम,1982 की धारा 30 की परिभाषा?

जो कोई व्यक्ति अवैध भूमि परिवर्तन या अवैध कॉलोनी निर्माण के क्षेत्र में-

1. भवन के निर्माण के लिए ले-आउट मंजूर करने या नक्शा मंजूर करने की शक्ति रखने वाला अधिकारी होते हुए ऐसा ले आउट या नक्शा मंजूर करेगा जो सही नहीं है अवैध है।
2. अगर अधिकारी होते हुए किसी भवन निर्माण क्षेत्र की गलत रिपोर्ट तैयार करेगा या सही रिपोर्ट का जानबूझकर लोप करेगा तब वह अधिकारी अवैध निर्माण के दुष्प्रेरण के अपराध के लिए दण्डित होगा।

दण्ड का प्रावधान- यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है,पुलिस अधिकारी विभागीय अनुमति प्राप्त करने के बाद एफआईआर द्वारा मामले का संज्ञान लेगा, इनका विचारण किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट या सेशन कोर्ट द्वारा किया जा सकता है सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माने या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

निर्णय एवं डिक्री में क्या अंतर है एवं सुनवाते समाप्त होने के कितने दिन बाद निर्णय सुनना आवश्यक होता है जानिए/CPC....

जब कोई वाद(मामला) न्यायालय में लगता है तब उसकी सुनवाई न्यायालय की तारीखों के अनुसार होती है एवं जब सुनवाई पूरी हो जाती है तब न्यायालय अपना निर्णय सुनता है एवं उस निर्णय के आधार पर न्यायालय पक्षकार को डिक्री देता है। अर्थात वादपत्र मामले की आधारशिला है तो निर्णय एवं डिक्री उसका निचोङ होता है।

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 32 की परिभाषा?

सीपीसी की धारा 34 में निर्णय एवं डिक्री की परिभाषा इस प्रकार हैं जब कोई सिविल कोर्ट मामले की सुनवाई पूरी कर लेता है उसके पश्चात न्यायालय अपना निर्णय सुनाएगा एवं ऐसे निर्णय का अनुसरण करना डिक्री(आज्ञप्ति) होगी।

सुनवाई खत्म होने के कितने समय मे निर्णय सुनाया जाना चाहिए?

सिविल प्रकिया संहिता,1908 के आदेश क्रमांक 20 के नियम 01 का उपनियम 01 के अनुसार यदि कोई सुनवाई न्यायालय द्वारा समाप्त हो जाने के तुरन्त पश्चात निर्णय सुनाया जाना संभव नहीं है तो न्यायालय द्वारा सुनवाई समाप्त होने के तीस दिनों के भीतर सुनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। यदि कोई अति विशेष परिस्थिति हो तब कारण को लेखबद्ध करते हुए 60 दिन में निर्णय सुना दिया जाएगा तथा निर्णय सुनाने की दिनांक की सूचना पक्षकारों को दी जाएगी।

इसी संबंध में हाईकोर्ट का एक महत्वपूर्ण जजमेंट पढ़िए-

इंदुभूषण जेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया- मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया कि निर्णय उद्घोषित किए जाने में अनावश्यक विलम्ब नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि विलम्ब से सुनाया गया निर्णय संदेहास्पद हो जाता है।

जीएसटी में रिवाइज्ड रिटर्न की मांग, जनहित याचिका के समर्थन में आए पेशेवरों के संगठन

₹2000
GST
Goods and Services Tax (India)

इंदौर। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में दाखिल किए जाने वाले रिटर्न में त्रुटि सुधार (रिवाइज्ड) की सुविधा देने की मांग के साथ शहर और प्रदेश के कर पेशेवरों के संगठन एक हो गए हैं। मप्र टैक्स ला बार एसोसिएशन और कमर्शियल टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (सीटीपीए) ने बड़ी बैठक बुलाई है। इसमें रिवाइज्ड रिटर्न की मांग रखते हुए इस मामले पर लगी जनहित याचिका के समर्थन का प्रस्ताव पारित करने की उम्मीद है। मप्र टैक्स ला बार एसोसिएशन ने मामले पर बयान जारी कर कहा है कि जीएसटी में रिवाइज्ड रिटर्न की सुविधा नहीं देना करदाताओं के मौलिक अधिकारों का हनन है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन लखोटिया के अनुसार सेंट्रल एक्साइज एक्ट, सेवाकर अधिनियम, मप्र जीएसटी एक्ट, मप्र वैट एक्ट और आयकर अधिनियम में भी प्रविधान है कि रिटर्न या फार्म में त्रुटि होने पर करदाता उसमें सुधार कर सकता है। सिर्फ जीएसटी ही ऐसा कर कानून है जिसमें रिटर्न में त्रुटि सुधार का भी मौका नहीं दिया जा रहा। मामले पर इंदौर के अधिवक्ता प्रदीप कांठेड़ ने जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। दोनों कर सलाहकार संगठन याचिका का समर्थन करते हैं।

छह साल बाद रिटर्न में सुधार करने की है मांग

सर्वोच्च न्यायालय मामले में केंद्र सरकार और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड को नोटिस जारी कर चुका है। याचिका में आगे पेशेवर व अन्य सहयोग के लिए संगठन के प्रतिनिधि दिल्ली भी पहुंचेंगे। कर कानून जीएसटी लागू होने के छह साल बाद भी रिटर्न में सुधार की सुविधा न देना करदाताओं के साथ अन्याय है। ऐसे में कोर्ट के जरिए अधिकार मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के करदाताओं के साथ पेशेवरों को भी हम एकजुट करने में जुटे हैं।

विधायक जीतू पटवारी के भाई सहित चार ने दी गिरफ्तारी, जेल भेजा

इंदौर। राऊ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी व तीन साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पटवारी के भाई खुद ही राजेंद्र नगर थाना पहुंचे थे। छह साल पहले हुए किसान आंदोलन में नाना पटवारी व साथ में गिरफ्तार तीन साथियों पर प्रकरण दर्ज हुआ था। मामले में स्थायी वारंट जारी हो गया था। पुलिस वारंट की तामीली में लगी थी। इस बीच नाना पटवारी और साथी खुद ही पुलिस के पास पहुंच गए। पुलिस ने गिरफ्तारी ली और कोर्ट में पेश कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में चोइथराम मंडी में किसानों ने मांगों को लेकर आंदोलन किया था। इस आंदोलन में नाना पटवारी व उनके साथी सचिन, अशोक व जितेंद्र पर प्रकरण दर्ज हुआ था। पुलिस से झड़प भी हुई थी और प्रदर्शन के दौरान थाने का घेराव किया था। प्रकरण में बाद की सुनवाई में चारों कोर्ट में पेशी पर नहीं गए थे। कोर्ट ने सभी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया था।

बागियों को लेकर बोले कमल नाथ, जो दुखी थे, उन्हें मना लिया है, सभी देंगे कांग्रेस का साथ

भोपाल। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन है। भाजपा और कांग्रेस के कई नेता टिकट न मिलने पर निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल करते हुए पार्टी प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भरोसा जताया कि नाराज लोगों को मना लिया गया है और वे इस चुनाव में पार्टी का साथ देंगे। गुरुवार सुबह मीडियाकर्मियों द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर कमल नाथ ने कहा कि जो लोग दुखी थे, उनसे हमने चर्चा की है और हमें पूरा विश्वास है कि वे कांग्रेस का साथ देंगे। कई सारे अपना नामांकन वापस लेंगे। इससे पहले कमल नाथ ने गुरुवार सुबह अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस द्वारा वचन पत्र में किए गए कुछ वादों को दोहराया।

प्रेमचंद गुड्डू का कांग्रेस से इस्तीफा, टिकट वितरण में अनियमितता का लगाया आरोप



प्रेमचन्द गुड्डू
पूर्व सांसद
उज्जैन–आलोट संसदीय क्षेत्र

पता : शांति विहार, कनाडिया रोड,
बायपास, इंदौर (म.प्र.)
मोबाइल : 9425063608
Email : pcg8886@yahoo.in

क्रमांक..........
दिनांक 02/11/2023

प्रति,
श्री मल्लिकार्जुन खड़गे,
अध्यक्ष
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली

विषय - कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने बाबत ।

मान्यवर,

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी के द्वारा टिकट वितरण मे बहुत ज्यादा अनियमितता की गई है । चुनाव के पहले तक यह दावा किया जाता रहा है की जीतने लायक प्रत्याशियों को टिकट दिया जाएगा । सर्वेक्षण के आधार पर टिकट जीतने वाले प्रत्याशियों को ही दिया जाएगा । मध्य प्रदेश मे कांग्रेस के पक्ष मे वातावरण बना हुआ था । इस वातावरण का लाभ उठाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के द्वारा आपस मे टिकटो का बंटवारा कर लिया गया । अपने समर्थकों के बीच मे टिकट बांट लिए गए । इस दौरान इस बात को नजरअंदाज किया गया कि विधानसभा क्षेत्र मे जीतने लायक प्रत्याशी कौन है ? मेरे द्वारा मध्य प्रदेश के रतलाम जिले की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आलोट विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांगा गया था । इस विधानसभा क्षेत्र से मै पूर्व मे विधायक रह चुका हूं । इसके साथ ही मै उज्जैन संसदीय क्षेत्र से सांसद भी रहा हूं । इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भी यह विधानसभा क्षेत्र आता है । कांग्रेस के द्वारा कराए गए सर्वेक्षण मे भी रिपोर्ट मेरे अनुकूल थी । इसके बावजूद मुझे कांग्रेस के पट्ठा वाद के कारण टिकट नहीं दिया गया । इस स्थिति से खिन्न होकर मेरे द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया है । अतः मै कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं ।

रतलाम। पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू ने कांग्रेस में टिकट वितरण से नाराज होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है, जिसमें उन्होंने टिकट वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। बता दे कि गुड्डू ने आलोट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है।

कांग्रेस पर लगाया ये आरोप

मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए इस्तीफे में प्रेमचंद गुड्डू ने पार्टी में पट्ठावाद का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव से पहले सर्वे के आधार पर टिकट देने की बात कही गई थी और कांग्रेस के पक्ष में माहौल था, इस माहौल का लाभ उठाने के लिए कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के समर्थकों को ही टिकट दिया गया।

पीएम मोदी की सभा से पहले कांकेर में नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

जगदलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांकेर जिले में चुनावी सभा के पहले गुरुवार को नक्सलियों ने छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोरखंडी के तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी। नक्सलियों ने उन पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जन अदालत में मौत की सजा सुनाई और गला रेत दिया। तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर बीजापुर जिले के ग्राम गलगम में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गला घोटकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले का छोटेबेठिया थाना क्षेत्र महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से सटा हुआ है। नक्सली बुधवार की रात ग्राम मोरखंडी से पांच ग्रामीणों को अगवा करके अपने साथ ले गए थे। जन अदालत में इनमें से दो को छोड़ दिया और तीन ग्रामीणों कुल्ले कतलामी (35), मनोज कोवाची (22) और डुग्गे कोवाची (27) की हत्या कर दी। नक्सलियों ने आरोप लगाया कि तीनों महाराष्ट्र पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 के लिए मुखबिरी का काम कर रहे थे। माना जा रहा है कि चुनावी माहौल में दहशत फैलाने के लिए नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। बता दें कि कांकेर और बीजापुर जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत सात नवंबर को मतदान होना है।

उमा धुर्वे कांग्रेस पार्टी से जय सिंह मरावी भाजपा से नामांकन दाखिल करेंगे आज

शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।



शहडोल। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 से उमा धुर्वे कांग्रेस पार्टी से सोमवार 30 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे जबकि भारतीय जनता पार्टी से जय सिंह मरावी भी सोमवार 30 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करेंगे। दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों के द्वारा अपनी अपनी जनशक्ति को लेकर नामांकन दाखिल करेंगे जिसकी पूर्ण तैयारी कर ली गई है। कांग्रेस भवन शहडोल = इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी उमा धुर्वे जिला कांग्रेस कार्यालय भवन शहडोल से चलकर नामांकन पत्र भरने की ओर बढ़ेगी जहां सोमवार 30 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से भारी उत्साह के साथ एकत्रित होगे तत्पश्चात सुश्री उमा धुर्वे नामांकन दाखिल करने के लिए रवाना होगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस कार्यालय भवन शहडोल में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। दुर्गा मंदिर शहडोल से=भारतीय जनता पार्टी के जैतपुर के अधिकृत प्रत्याशी विधायक जयसिंह मरावी के नामांकन भरने के लिए पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से दुर्गा मंदिर शहडोल में एकत्रित होंगे। बताया जा रहा है कि जय सिंह मरावी दुर्गा मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद अपनी जनशक्ति के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के लिए रवाना होंगे। सूत्र बदलते हैं कि जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 में दोनों दलों में संघर्ष मूड एवं कांटे की टक्कर बताई जा रही है चुनाव का रुख नामांकन दाखिल करने के तत्पश्चात जनशक्ति ही इसका मार्गदर्शन करने के संकेत करने की संभावना बताई जा रही है।

30 तारीख को सुनील दिखाएंगे अपनी ताकत

कोतमा। कांग्रेस आलाकमान की जद्दोजहद पूरी हो चुकी है। अंततः टिकट की घोषणा पूरी हुई। मौजूदा विधायक को लेकर की जा रही तथाकथित टीका टिप्पणी पर उनकी जननिष्ठा और कोरोना काल का संघर्ष भारी पड़ गया। कांग्रेस पार्टी ने सुनील सर्राफ के नाम पर पार्टी के प्रत्यासी के रूप में आखिरी मोहर लगा दी है।

चर्चाओं के बाजार में गर्म है सुनील सराफ का नामांकन: चौक चौराहों में हर तरफ़ जिससे भी हमारे प्रतिनिधि चर्चा कर रहें है उनके सवालों में एक ही बात गूंज रही है कि सुनील सराफ का नामांकन कब है? तो उन सभी के सवालों से आज पर्दा उठते हुए मीडिया को अधिकृत रूप से विधायक प्रत्यासी सुनील सराफ के कार्यालय द्वारा यह सूचना दी जा चुकी है कि 30 अक्टूबर को विधायक सुनील सराफ अपना नामांकन भरेंगे।

यह है पूरे कार्यक्रम की जानकारी: कांग्रेस पार्टी से प्रत्यासी सुनील सराफ के कार्यालय द्वारा हमें यह सूचना प्राप्त हुई है कि 11 बजे रेलवे अंडरब्रिज के नजदीक अग्रसेन भवन पे सभी कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे और वहां से नामांकन रैली निकलेगी। दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पे एसडीएम कार्यालय मे जाकर नामांकन भरा जाएगा एवं 2 बजे से 5 बजे तक आम सभा आयोजित होगी गांधी चौक पर।

जिला व प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज होंगे शामिल: सुनील सराफ के नामांकन रैली की वृहदता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी से लेकर जिला कांग्रेस कमेटी तक के हर दिग्गज इस नामांकन रैली में शामिल होने वाले है। चुनावी हवाओं की शोर को भांपते हुए हजारों की भीड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है।

वास्तविक भारत पार्टी के प्रत्याषी सोमवार को हजारों की भीड़ के साथ परचा दाखिल करेगी।

खैरहा। विधानसभा चुनाव की सरगमी तेज के बीच जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याषी काजल बाई हजारां की संख्या में सोमवार को दोपहर 1.00 जिला कलेक्टर कार्यालय में फार्म भरकर चुनावी शंखनाद तेज कर परिवर्तन की बात कही एवं जैतपुर विधानसभा क्षेत्र को पिछले 18 वर्षो से निर्वाचन जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता को धोखा देकर छल कपट किया है, जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव जीतकर निर्णायक भूमिका के साथ क्षेत्र का भरपूर विकास करने का वादा किया है। फार्म भराने के लिए बेहतर व्यवस्था व चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए फार्म भरकर चुनावी मैदान में उतरेगी।



जिला कांग्रेस कमेटी जिला अनूपपुर म.प्र.

अखिलेश सिंह एडवोकेट
पूर्व प्रवक्ता, सचिव
पूर्व पार्षद न.पा.अनूपपुर

निवास लक्ष्मीना
कुटीर अनूपपुर वार्ड क.09
मो.न.–9425473026,8770610124
ई.मेल– akhileshsinghapr@gmail.com

क.2/23
दिनांक 25/10/23

प्रति
श्री कमलनाथ जी
प्रदेश अध्यक्ष म.प्र कांग्रेस कमेटी
विषय– कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिये जाने के संबध में!

महोदय

अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र क.87 से विश्वनाथ सिंह को कठिन समय 2020 के उपचुनाव मे प्रत्याशी बनाया गया और जब 2023 के आम चुनाव मे म.प्र. मे कांग्रेस की लहर है! एवं वतावरण अनुकूल है तो गरीब आदिवासी विश्वनाथ सिंह को छला गया और टिकिट नही दिया गया! जिससे व्यथित होकर कांग्रेस के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हु!

छात्र राजनीति से NSUI की सदस्यता लेकर 30 वर्षों से कांग्रेस की विचार धारा से जुडा रहा लेकिन वर्तमान मे कांग्रेस मे व्यक्तिवाद चरम पर है! जिससे विवशतः प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है!

प्रतिलिपि– श्री रणदीप सूरजेवाला जी
प्रभारी म.प्र कांग्रेस कमेटी

भवदीय
अखिलेश सिंह

1993 में छात्र राजनीति से एनएसयूआई की सदस्यता लेकर कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा 30 वर्षों तक कांग्रेस के विभिन्न संगठनों में विभिन्न पदों पर रहकर कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ 2023 के मध्य प्रदेश के विधानसभा आम चुनाव में कमलनाथ जी ने जिस तरीके से मीडिया के समक्ष यह कहा की छिंदवाड़ा की टिकट पहले नकुलनाथ छिंदवाड़ा से घोषित करेंगे तब दिल्ली से होगा जिससे स्पष्ट प्रमाणित हो गया कि कांग्रेस का सर्वे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ सिर्फ और सिर्फ छलावा था और कांग्रेस का व्यक्तिवाद अपने चरम पर है जिससे व्यथित होकर कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

ऑनलाइन बुक खरीदी में ब्लू लिंक भेजकर ठगी करने वाले झारखंड के दो आरोपी रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार

विशेष खबर - कैलाश कुमार

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवांर (भारतीय पुलिस सेवा) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह तथा एसडीओपी कोतमा वीरेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में रामनगर पुलिस के द्वारा ऑनलाइन बुक खरीदी में ब्लू लिंक भेज कर 99600 रुपए (निन्नावे हजार छः सौ रुपए) की धोखाधड़ी एवं ठगी किए जाने के मामले में झारखंड राज्य से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी एवं ठगी के रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। टी. आई. रामनगर अरविंद जैन ने बताया कि उक्त ऑनलाइन ठगी के पीड़ित धर्मेंद्र कुमार सिंह पिता स्वर्गीय हरिशंकर सिंह उम्र करीब 27 साल निवासी राजनगर थाना रामनगर जिला अनूपपुर के द्वारा दिनांक 13. 03. 2023 को थाना रामनगर में एफ. आई. आर.दर्ज कराई गई कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और दिनांक 18. 01. 2023 को कृष्णा पब्लिकेशन के ऑफिसियल वेबसाइट से नंबर लेकर सी.आई.एस.एफ. की परीक्षा की तैयारी से संबंधित संबंधी पुस्तक को ऑनलाइन मंगवाया था, जिसका ?190 का ऑनलाइन भुगतान कर दिया था और ऑर्डर कंफर्म हो गया था और डिलीवरी की तारीख 25. 01. 2023 थी । जो 24.01. 2023 को पीड़ित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया और उसने बताया कि कूरियर ट्रैकिंग डिपार्टमेंट से बोला रहा हूं, आपकी पुस्तक की डिलीवरी के लिए ?5 का भुगतान भेजी गई ब्लू लिंक के माध्यम से करिए। पीड़ित द्वारा उसके मोबाइल नंबर पर भेजी गई ब्लू लिंक पर जैसे ही ?5 का भुगतान किया गया तो पीड़ित के मोबाइल बैंकिंग से जुड़े सेंट्रल बैंक शाखा राजनगर के सेविंग खाता से कुल ?99600 ऑनलाइन ट्रांसफर कर धोखाधड़ी एवं ठगी कर दी गई। ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार धर्मेंद्र कुमार सिंह की रिपोर्ट पर थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 80/23 धारा 419 420 भारतीय दंड विधान धारा 66 (सी) 66 (डी) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज की जाकर विवेचना की गई। प्रकरण की विवेचना में आरोपी द्वारा प्रयुक्त मोबाइल नंबर एवं ऑनलाइन बैंकिंग से ठगी में प्रयुक्त खातों की जानकारी के आधार पर टी. आई.रामनगर अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र महोबिया, प्रधान आरक्षक सनत कुमार द्विवेदी महिला आरक्षक सीमा भलावी के द्वारा उक्त ऑनलाइन ठगी में शामिल मुख्य आरोपी आलोक कुमार साहू पिता निरंजन कुमार साहू उम्र करीब 23 साल निवासी छोटा गोविंदपुर, थाना छोटा गोविंदपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड एवं सह आरोपी श्रीमती पूनम देवी पति निरंजन कुमार साहू उम्र 44 साल निवासी छोटा गोविंदपुर जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा प्रकरण में आरोपियों से ऑनलाइन ठगी कर अर्जित किये किए गए 99600 में से 67000 रुपए (सरसठ हजार रुपए) बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस डिमांड लिया जाकर अन्य ऑनलाइन ठगी एवं धोखाधड़ी के मामलों में भी पतासाजी एवं पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन सिंह पवार ने कोरियर सर्विस के नाम पर ब्लू लिंक भेज कर ऑनलाइन ठगी करने के मामले में झारखंड से आरोपियों को गिरफ्तार करने के सराहनीय कार्य के लिए टी. आई. रामनगर अरविंद जैन एवं सहायक उप निरीक्ष धर्मेंद्र महोबिया, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी एवं महिला आरक्षक सीमा भलावी को पुरस्कृत किया है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार द्वारा पुलिस की ओर से नागरिकों को एडवाइजरी जारी की गई है कि किसी भी अनजान मोबाइल नंबर से भेजे गए लिंक पर ऑनलाइन बैंकिंग भुगतान न करें एवं न ही ओ.टी. पी. शेयर करें।

थाना रामनगर
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

भारती जनचेतना दुर्गा उत्सव समिति आयोजन में कालेज मैदान में दशहरा सम्पन्न

■चारो ओर सराहना एवं सहयोग की भावना से समिति को मिला स्नेह– तिवारी

शहडोल से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट

जन चेतना दशहरा उत्सव समिति
धनपुरी वार्ड न.2, बुढ़ार
हार्दिक स्वागत, अभिनन्दन वंदन

शहडोल। इस वर्ष भी गर्म जोषी के साथ भारती जन चेतना दुर्गा उत्सव समिति अपना दसवां प्रवेष कर लोगां के भावनाओं व सहयोग को देखते हुए कुछ लोगों न चाहने के बाद भी समिति के नौजवान साथियों एवं आयोजको में बी.पी. तिवारी पप्पू सिंह, विकास अग्रवाल ओम सिंघानियां छोटेलाल पटेल अषोक सिंह, (ट्रांसपोटर) डॉ.ए.पी. वर्मा ने दषहरा को भव्यता रूप देकर नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार के मैदान में कई हजारों की भीड़ में शांति प्रिय निर्धारित समय पर दषहरा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में समिति के सदस्यों को भरपूर समर्थन शहडोल जिले के बुढार कालेज कालोनी ब्लाक कालोनी आदर्ष कालोनी के साथ सरईकापा, करकटी, हाथीडोल, गोपालपुर चिटुहला विक्रमपुर कटकोनी कटकोना सेमरा लालपुर पकरिया रूगटा ओपीएम से जुड़े हुए दर्जनों गांवों की जनता सपरिवार सहित कालेज मैदान में पहुचकर विजयदषमी के पर्व को सम्पन्न कराने में भारती जनचेतना दुर्गा उत्सव समिति को भरपूर सहयोग व समर्थन दिया यह जानकारी समिति के प्रमुख बी.पी. तिवारी ने दी है। पूर्व से जुड़े हुए सभी समिति के स्नेही सदस्यों की मंषा थी कि बुढ़ार महाविद्यालय के मैदान में दषहरे का और विस्तार हो चुनावी समीकरण के कारण लोगां ने अपना ध्यान अपने हित में रखा जनहित में आयोजित दषहरे के कार्यक्रम में पर्याप्त समय नही दे सके, भारती जनचेतना समिति के कर्मठ स्तम्भ सदस्य बी.पी. तिवारी विकास अग्रवाल अषोक सिंह (कालेज कालोनी) पप्पू सिंह, डॉ. ए.पी. वर्मा छोटेलाल पटेल चितरंजन सिंह रवि सिंह अनिल मिश्रा दिनेष मिश्रा, सहित समिति के दर्जनों साथियो एवं कालेज तिराहा में वर्षो से निरंतर स्थापित महागौरी नवदुर्गा उत्सव समिति के सभी नौजवान युवा साथियों ने दषहरे कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में दुर्गा मंदिर के पुरानी ने विधिवत पूजा अर्चना करायी एवं बद्री विष्वकर्मा अपने विषाल आरकेस्ट्रा ग्रुप को संभाला सानदार टेंट की व्यवस्था व साउण्ड सर्विस की बेहतर व्यवस्था देखी गई।

12 दिनों से गुम हुए प्रांजल नाथ के समर्थन में 30 अक्टूबर को सौप जाएगा ज्ञापन

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़...

देवरी। 29 अक्टूबर-उल्लेखनीय है कि देवेंद्र नाथ के बेटे प्रांजल नाथ मां से पुस्तक लेने की बोलकर घर से गए थे जो आज दिनांक तक नहीं लौटे हैं जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने देवरी में भी की गई है उनका परिवार कल 30 अक्टूबर को सुबह 10ः00 बजे तहसील कार्यालय देवरी पहुंच कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपगा जिसमें सम्मिलित होंगे व्यापारी संघ देवरी, पेंशनर एसोसिएशन तहसील देवरी के अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समिति, जय गुरुदेव संगत देवरी, सभी सामाजिक संगठन देवरी, सभी समाजों के अध्यक्ष एवं साथ में रहेंगे देवरी के गणमान्य नागरिक और आमजन प्रांजल नाथ के दादा बाला प्रसाद नाथ, उनके पिता देवेंद्र नाथ चाचा चेतन नाथ एवं पूरे परिवार ने सभी से आग्रह किया है कि ज्ञापन में सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान करें।

गाडरवारा विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी को लाभ।


बहुजन समाज पार्टी गाडरवारा
विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121 से
शिक्षित कर्मठ लगन शील युवा प्रत्याशी
सविता अहिरवार
को आने वाले 17 नवंबर को हाथी
के सामने वाला बटन दबाकर
प्रचंड मतों से विजय बनाएं
माननीया बहन कुमारी मायावती
पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा
सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष
चुनाव निशान
BSP
हाथी
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़....

गाडरवारा। 17 नवंबर को चुनाव होना निश्चित है। निश्चित तौर पर सभी मतदाता अपने मत का सदुपयोग करेंगे। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश की विधानसभा में गाडरवारा विधानसभा भी आती है, कांग्रेस और बीजेपी अपनी उम्मीदवारों को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की बहुजन समाज पार्टी जिसका निशान हाथी है, को भी एक जीतने का अच्छा मौका मिल सकता है। क्योंकि बीजेपी के जो उम्मीदवार है राव उदय प्रताप सिंह वह वर्तमान सांसद है, और होशंगाबाद क्षेत्र से आते हैं बीजेपी ने राव उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा का विधायक उम्मीदवार बनाया है, बीजेपी की उम्मीदवार से जनता को कोई अच्छा खासा परिणाम देखने को नहीं मिल रहा है जिस कारण जीतने की उम्मीद कम हो सकती है, वही दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार पर भी विशेष भरोसा नहीं किया जा सकता तब इस कड़ी में बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार जो की सविता अहिरवार है जीतने का मौका मिल सकता है लेकिन जनता के बीच लगाव, प्रचार प्रसार करना और उनमें पार्टी के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने पर ही संभव हो पाएगा।

परित्राण पाठ एवं बुद्ध वंदना तक्षशिला विहार में 5 नवम्बर को होगा



तक्षशीला बुद्ध विहार समिति
सादर निमंत्रण
परित्राण पाठ, बुद्ध वंदना
दिनांक 5 नवम्बर 2023, रविवार – समय सायं 5 से 8 बजे तक
स्थान – तक्षशीला बुद्ध विहार, अम्बेडकर नगर, भोपाल

पूज्यनीय भदन्त शाक्य पुत्र सागर, पु. भदन्त रतनबोधी थेरो, भदन्त सरनाकर
भदन्त ज्ञानउदय, भदन्त पुत्र राहुल, भदन्त सुमित
अतिथि :– आशा ताई कामले, विजय सुरड़कर, अजय नारनवरे, सिद्धार्थ जाधव, गौतम सालवे, मूलचंद मेधोनिया, महेश नंदमेहर

मुख्य संरक्षक
भावराव सुरड़कर
रामकृष्ण सुरड़कर
विजय सुरड़कर
किशोर सुरड़कर
आकाश सुरड़कर
मिलीन्द सुरड़कर
अनिल सुरड़कर
किशोर सुरड़कर
संजू सुरड़कर
विशाल सुरड़कर
सागर सुरड़कर

संरक्षक
गीताबाई सुरड़कर, इमला बाई सुरड़कर
ऊषा बाई सुरड़कर, नंदा बाई सुरड़कर
निर्मला बाई सुरड़कर, कुसुम सुरड़कर
मीना सुरड़कर, काजल सुरड़कर
सरिता सुरड़कर, प्रियंका सुरड़कर
आशा सुरड़कर, कविता सुरड़कर
पंचशीला सुरड़कर, पायल, यासिका
स्वप्नील, वंशिका, हर्षदा, अंशूल, शिवानी
अन्नू, तन्नू, श्रावी, श्रियांशी

महिला समिति
विमला साल्वे, शांता बाई पारथे
अर्जना अव्वाड, माया साल्वे
कुसुम सुरडकर, अर्चना त्रिभवन
वर्षा वाल्वे, मीना सुरड़कर
नंदा शेजवल, धुपता निम्बाडे
सविता कोतवार, शीला गायकवाड़
जीजाबाई जोगदडे, प्रिया सातदिवे
सपना बागड़े

बुद्ध विहार समिति
पंकज अव्वाड
विजय कोतकर
मदन सुखदेवे
गौतम जोगदंड
आकाश मगरे
सतीष गनवीर
पप्पू यादव
आनंद त्रिभवन
देवा बंजारी
चन्दू निम्बाड़े
उमेश नारनवरे

संपर्क : : 8319163739, 8827921404

मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल। तक्षशिला बुद्ध विहार समिति के द्वारा परित्राण बुद्ध वंदना का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूज्यनीय भदंत शाक्य पुत्र सागर , पूज्य रतन बोधि थेरो, भदंत सरनाकर, भदंत ज्ञान उदय , भदंत पुत्र राहुल, भदंत सुमित जैसे महान ज्ञानीओं की गरिमा मय उपस्थित में बौद्ध विहार में वंदना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आशा दीदी कामले, विजय सुरणकर, सिद्धार्थ साल्वे, गौतम साल्वे, वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद मेधोनिया इत्यादियों की उपस्थिति रहेंगी। बौद्ध विहार में बौद्ध वंदना पश्चात वहां पर समापन कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय जाने माने वरिष्ठ समाजसेवी और सक्रिय लोगों सहित नेताओं की उपस्थिति रहेंगी। कार्यक्रम आयोजन समिति तक्षशिला बौद्ध विहार समिति के सभी सदस्यों ने अपील की है कि अधिक से अधिक नागरिक इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

गोपीलाल भारतीय की कार्यवाही पर दिग्विजय सिंह ने पत्र लिखकर बाबू जगजीवन राम जी की फोटो लगाने के लिए लिखा कमलनाथ जी को पत्र

मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल। बाबू जगजीवन राम राष्ट्रवादी समता विचार मंच के संस्थापक श्री गोपीलाल भारतीय ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी को पत्र लिखकर मांग की है कि कांग्रेस पार्टी कार्यालय में देश के महान नेता दलितों के मसीहा स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी जो देश के महान नेता थे। उनकी फोटो कांग्रेस पार्टी मुख्यालय सहित कांग्रेस के सभी प्रकाशन पोस्टर व अन्य सभी जगह पर बाबू जगजीवन राम जी के छायाचित्र लगायें जाये। भारतीय जी की मांग को गंभीरता से लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल को पत्र लिखते हुए अनुरोध किया है कि बाबूजी जगजीवन राम जी की बेटी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुश्री मीरा कुमार जी आज भी देश के वंचितों की आशाओं की केन्द्र बिन्दु है। जिनके पूज्यनीय पिता के देश की आजादी में योगदान अविस्मरणीय रहा है। तथा उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वह कांग्रेस पार्टी के एक सच्चे नेता थे। जिनकी फोटो कांग्रेस पार्टी कार्यालय में लगी होनी चाहिए। श्री भारतीय जी का प्रयास सफल होगा। मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक संगठनों ने श्री भारतीय जी से अपेक्षा की है कि वह समाज के महान क्रांतिकारी महापुरुषों को सम्मानित किये जाने की ऐसी सराहनीय पहल करते रहे। मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग में रविदासिया समाज के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के परिवार ने अपेक्षा की है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2023 के वचन पत्र में अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी का स्मारक बनाने संबंधी वचन दिया है। अतः ऐसे शूरवीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने हेतु भी अपनी ओर से पहल करें। मध्यप्रदेश श्रमिक कल्याण संघ, राष्ट्रीय पंचायत राज संगठन, झुग्गी झोपड़ी किसान मजदूर समिति, राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश इत्यादि सामाजिक संगठनों ने श्री भारतीय जी की पहल की सराहना कर शुभकामनाएं दी हैं।





दिग्विजय सिंह
संसद सदस्य - राज्य सभा

बी-1, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
फोन : 0755-2441788, 2441790
64, लोधी इस्टेट, नई दिल्ली
फोन : 011-24628655
ई-मेल : digvijaya.singh@sansad.nic.in
dvsofficebhopal@gmail.com

क्रमांक 1586 /2023
दिनांक 01/09 /2023

प्रिय श्री कमलनाथ जी

श्री गोपीलाल भारतीय, संस्थापक, बाबू जगजीवनराम राष्ट्रवादी समता विचार मंच मध्यप्रदेश, कार्यालय बापू सदन, मीरा नगर, सिंहपुर रोड, मुरार, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश का आवेदन पत्र मूलतः संलग्न है। आवेदक ने म.प्र. कांग्रेस कमेटी के कार्यालय एवं कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यालयों में स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम जी की तस्वीरें लगवाये जाने का निवेदन किया है। बाबू जगजीवनराम और उनकी बेटी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुश्री मीरा कुमार आज भी वंचित वर्ग के आशाओं के केन्द्र बिन्दु है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि उक्त विषय में पार्टी स्तर पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को समुचित निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

सहयोग के लिये मैं आपका आभारी रहूँगा।

सादर,

आपका

(दिग्विजय सिंह)

श्री कमलनाथ जी
माननीय प्रदेशाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी,
शिवाजी नगर, भोपाल

प्रतिलिपि :- श्री गोपीलाल भारतीय, संस्थापक, बाबू जगजीवनराम राष्ट्रवादी समता विचार मंच मध्यप्रदेश, कार्यालय बापू सदन, मीरा नगर, सिंहपुर रोड, मुरार, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।

(दिग्विजय सिंह)

2023/11/02 08:07
Gopilal Bhartiya

सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के आजीवन सदस्यों की प्रथम सूची जारी

मूलचंद मेधोनिया मीडिया प्रभारी संत रविदास कल्याण फाउंडेशन

भोपाल। देश में रविदास समाज के सर्वांगीण विकास एवं उत्कृष्ट उत्थान को समर्पित सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर जी के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण में सतत् कार्यरत है। समाज के विभिन्न सरोकारों के क्षेत्र में कार्यरत है। सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के आजीवन सदस्यों की प्रथम सूची फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा जारी की है। जिसमें देश और प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी और सक्रिय लोगों की सदस्यता ग्रहण कर फाउंडेशन के माध्यम से समाज में बदलाव व जागरूकता पैदा करने वाले लोगों को आजीवन सदस्य की सूची में शामिल सभी गणमान्य लोगों का हृदय से स्वागत एवं अभिनन्दन है। सभी सामाजिक व्यक्तियों से अनुरोध किया गया है कि सभी समाज के कल्याण हेतु समर्पित भावना से काम कर गुरु रविदास महाराज जी की वाणी को जन जन तक पहुंचने एवं समाज में जन्मे महान महापुरुषों की विचारधारा को लेकर काम करने हेतु फाउंडेशन के सभी सदस्य मिल जुलकर एकता से काम करने हेतु सक्रिय हो। स्मरणीय हो कि सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत ने प्रदेश में पहला एक ऐसा काम किया है कि हमारे समाज में जन्मे सभी संतों, गुरुओं, महात्माओं और महान क्रांतिकारी शहीद, सेनानीयों को सम्मान दिलाने की दशा में उल्लेखनीय कार्य कर कांग्रेस वचन पत्र में सभी महापुरुषों के राष्ट्रीय स्मारक, भवन और पार्क, सहित मूर्ति स्थापित कराने के दिये सुझावों को कांग्रेस ने स्वीकार करते हुए सभी फाउंडेशन भारत की बातों को कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में शामिल कर अविस्मरणीय काम किया है।इस पुनीत कार्य के लिए सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत बधाई का पात्र है। सभी आजीवन सदस्य फाउंडेशन भारत के बनकर समाजोत्थान के कारवां को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। सभी के लिए साधुवाद।



पंजी.क. 01/01/01/35818/19

|| श्री सद्गुरुवे नमः ||

सतगुरू संत रविदास कल्याण फाउण्डेशन भारत

मुख्य दिल्ली कार्यालय :– F-1/F-60, संत रविदास मंदिर, सुन्दर नगरी नई दिल्ली–110093
पत्राचार कार्यालय :– s-103 नेहरू नगर भोपाल–462003 म.प्र. मोबाईल न0 8120355700 ईमेल absgrf0@gmail.con

महेश नंदमेहर
राष्ट्रीय अध्यक्ष

मा. राजकुमार नंदमेहर
मा. रामाधार रंगीले
राष्ट्रीय संयोजक

एड. महेश जाटव
एड. कैलाश मण्डराई
एड. कैलाश भारती
राष्ट्रीय कानन सलहकार

स्थैतिग निगरानी दल डोला नाका टीम के द्वारा नफीस बस से जप्त की 12 किग्रा. विस्फोट पदार्थ



अनूपपुर। आज दिनांक 01.11.2023 को स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा पर अंतर्राज्यीय नाका डोला चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान शहडोल से मनेन्द्रगढ़ जा रही नफीस बस क्र. एम.पी. 18 पी 0432 में एक लावारिस बैग मिला। एसएसटी टीम के प्रभारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री षिवराम इरपाचे, सउनि. धमेन्द्र महोबिया पुलिस थाना रामनगर एवं एस.एस.बी. टीम के सदस्यों के द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दोपहर लगभग 12ः15 बजे शहडोल से मनेन्द्रगढ़ जा रही नफीस बस सर्विस के वाहन क्र. एम.पी. 18 पी 0432 में एक संदिग्ध बैग व बोरा मिला जिसकों एसएसटी टीम व थाना रामनगर की पुलिस टीम के द्वारा चेक किया गया। बैग में 10-12 किग्रा संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ सुतली, वायर के दो बंडर (लगभग 50 मीटर) को बरामद कर सावधानी पूर्वक रोड के किनारे रख गया। पष्चात अति.पुलिस महानिदेषक शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर एवं अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री षिवकुमार सिंह एवं पुलिस थाना प्रभारी रामनगर निरी. अरविंद जैन घटनास्थल पहुंचे तथा घटनास्थल का अवलोकन किया गया तथा बॉम्ब डिस्पोजन युनिट एवं एफ.एस.एल. अधिकारी शहडोल को ड्युटी हेतु बुलाया गया, बी.डी.एस.टीम शहडोल के द्वारा बॉम्ब डिस्पोज सूट एवं रॉयट गेयर की मदद से संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ का निरीक्षण किया गया। जिसमें 04 पैकेट में 10-12 किग्रा. (सफेद पाउडर एवं डार्क ग्रे पाउडर) विस्फोटक पाउडर, सुतली एवं विस्फोटक बनाने में उपयोग किया जाने वाला तार बरामद हुआ। प्रथम दृष्टया बी.डी.एस.टीम व एफ.एस.एल.टीम के द्वारा संदिग्ध पदार्थ को विस्फोदक सामाग्री बताया गया है। जिस पर थाना रामनगर में धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जप्तषुदा पदार्थो को जॉच उपरांत अन्य कार्यवाही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत की जाएगी। बस के कण्डक्टर मोहम्मद सालान से संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ के संबंध में पूछताछ किया गया तो कण्डक्टर द्वारा बताया गया कि उक्त बैग एवं बोरा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बस में रखकर चला गया हैं जिसकी तलाष जारी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक शहडोल जोन श्री डी.सी.सागर के द्वारा समस्त चेकिंग नाका टीम को बधाई दी गयी व नगद ईनाम देने की घोषणा की गयी।

जनता की आने वाली बुनियादी समस्याओं का समाधान, क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता जय सिंह नगर विधानसभा भाजपा महिला प्रत्याशी को मिल रहा है व्यापक जन समर्थन

शहडोल से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी भाजपा महिला प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह को शहडोल जिले के जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रही हैं। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह ने जनसंपर्क के दौरान सम्मानित मतदाताओं से अपने पक्ष में अपना भरपूर समर्थन मांगते हुए कहा कि क्षेत्र की चहुमुखी विकास करना और जनता जनार्दन के सामने आने वाली मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना मेरी पहली प्राथमिकता है। भाजपा महिला प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने पार्टी पदाधिकारी के साथ बमूरा नौगाई धेडुआ , धेडुआ में जनसंपर्कक किया।

बैरागढ में अवैध रूप से बिक रही आतिशबाजी एंव पटाखे, दुकानदार के पास नहीं मिला कोई वैध दस्तावेज, क्राइम ब्रांच ने की कार्यावाही

भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट

दीवाली के पहले अवैध आतिशबाजी पर अंकुश ,क्राइम ब्रांच भोपाल को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो हलालपुरा के पास सोनी पटाखा के नाम से दुकान चलाता है दो दुकान किराये से लेकर दुकान में बिना वैध कागजात के रिहायशी क्षेत्र में आतिशबाजी एंव फटाखे रखे हैं जिसके कारण कोई दुर्घटना हो सकती है सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एंव सूचना से नायब तहसीदार बैरागढ को अवगत किया गया । नायब तहसीलदार को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचे तो दुकानो में ताला लगा मिला एंव दुकानों के पास एक व्यक्ति नीली टीशर्ट में खड़ा था जिससे दुकान के सम्बंध में पूछताछ करने पर उसके दोनो दुकाने स्वंय की होना बताया बाद में उस व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम तथा उम्र 42 साल निवासी म.न.न 13 सीटीओ सर्वोदय कालोनी बैरागढ भोपाल का होना बताया एंव उनको सूचना से अवगत करते हूये दुकान संचालक से दुकानो का ताला खुलवाया गया तो दोनो दुकानो में आतिशबाजी एंव पटाखे के बॉक्स रखे मिले जिसके सम्बंध में नायब तहसीलदार के द्वारा दुकानदार से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दुकानों में करीबन 450 बॉक्स लगभग आतिशबाजी और फटाखो के रखे हैं जिसकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रूपये हैं उसने स्वीकार किया कि सामान उसी का है बाद नायब तहसीलदार के द्वारा आतिशबाजी एंव फटाखे दुकानो में रखने के सम्बंध में वैध कागजात पेश करने को कहा गया जो दुकानदार द्वारा पेश नही किये गये बाद नायब तहसीलदार साहब के द्वारा उक्त दुकानों को ताला लगा कर सीलबंद किया गया एंव दुकानों में लगे तालो की समस्त चाबिया दुकानदार को सुपुर्द करने के बाद कार्यावाही का पंचनामा तैयार किया गया । नायब तहसील के द्वारा दुकानदार को 17 अक्तुबर तक दुकानो में रखे सामग्री के सम्बंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु पाबंद किया गया।

चुनाव संबंधी आवश्यक बैठक संपन्न वार्डो को 5 जोन में किया विभाजित

- नगर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन
- कार्यकर्ता प्रत्याशी बनकर अपनी जवाबदारी निभाए
- अपने-अपने वार्डो के पोलिंग बूथों में लीड दिलाने का लिया संकल्प

गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट। शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभाा क्षेत्र 85, विधानसभााा चुनाव को देखते हुए बुढार के लोहिया चौक में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने चुनावी कार्यालय का रिबन काटकर सायं 7ः00 बजे उद्घाटन किया। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी उमा धुर्वे को जैतपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण भाव से निभाने का आह्वान किया गया। कार्यालय का उद्घाटन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष बलमित सिंह खनूजा अजय अवस्थी कमलेश शर्मा ,पियूष शुक्ला एवं कांग्रेस पार्षद कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। बुधवार को दोपहर 3ः00 बजे वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय पंडित अयोध्या प्रसाद दीक्षित निवास में कांग्रेस मंडलम कमेटी के तत्वाधान में चुनावी बैठक आहूत की गई जिसमें नगर के 15 वार्डो को 5 जोन में विभाजित कर अपने अपने वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी को फतेह तक पहुंचाने कर्मटता के साथ अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। संचालन एवं आधार प्रदर्शन चुनाव प्रभारी भानु दीशित दौरा किया गया । कार्यकर्ता ठान ले तो जीत संभव खानूजा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यवाहक अध्यक्ष बलमित सिंह खानूजा ने चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कारकर्ता संगठन का आधारशिला है कार्यकर्ता ठान लें तो कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल करने दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। 2003 पंचवर्षियों से कांग्रेस हारते चली आ रही है लेकिन कांग्रेस का जनाधार कांग्रेस का जमीन चट्टान की तरह मजबूत है। कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के दिन कांग्रेस में भारी उत्साह एक नई जोश एक नई उमंग सफलता के पायदान को मार्गदर्शन करती हुई दिखाई दी है । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर ने दिग्गज 18 वर्षों से कांग्रेस के असफल होने के संदर्भ में वोटो के आंकड़ों से अवगत करते हुए अपने-अपने पोलिंग बूथों में लीड दिलाने का मार्गदर्शन किया। धनपुरी नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री प्रवीण सिंह शरद गुप्ता नगर पंचायत उपाध्यक्ष शेखर चौधरी कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष राजेश चमाडिया जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सनाउल्लाह खान ने भी बैठक को संबोधित किया। तत्पश्चात गेंद लाल सिंह मरावी को कांग्रेसजनों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष दिक्षित जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष कमलेश शर्मा अशोक सिंह अरविंद नायक पार्षद मोहम्मद शाहिद चीनी हर्ष कुमार पाठक गंगाधर चौधरी मोहन बैग मोहम्मद इश्तियाक खान प्रशांत जैन अभिषेक अग्रवाल ओम प्रकाश सिंघानिया मनोज जैन मनोज विपिन सिंघानिया सौरभ सिंह संजय गौतम पवन सोनी संजू गुप्ता राजेश सोंधिया रविकांत शर्मा वासु जैन विजय ताम्रकार नरेंद्र केवट रोशन शर्मा योगेंद्र साहू दिनेश गुप्ता दीपक चौधरी कस्तूरी लहगिर धुक्कू जैन एवम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

सतना में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर साधा निशाना

भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश
रीवा एवं शहडोल संभाग

सतना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधा। सीएम बोले - कांग्रेस ने विन्?य क्षेत्र को हमेशा उपक्षित रखा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-मध्य प्रदेश में जब हमने सरकार संभाली थी तब प्रति व्यक्ति आय 11 हजार थी। आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 46 हजार रुपए हो गई है। मध्य प्रदेश का बजट 21 हजार करोड़ था और आज हम 3 लाख 14 हजार करोड़ कर तक बजट को लेकर गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना पहुंच कर रोड शो किया और सतना सीट से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के लिए जन समर्थन जुटाया। सीएम ने सतना में दो सभाओं को संबोधित करने के पूर्व रैगांव में भी पार्टी प्रत्याशी प्रतिमा बागरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सरकार नहीं परिवार चलाते हैं, प्रदेश की जनता हमारा परिवार है लेकिन कांग्रेस और उसके कमलनाथ जनता की गुनाहगार हैं।

नौकरी दिलाने के नाम पर की डेढ़ करोड़ रु की ठगी करने वाले दो आरोपियों को सायबर क्राईम टीम द्वारा दिल्ली से किया गिरफ्तार

भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट

ठगी का शिकार हुए आवेदक जो निवासी कोलार रोड भोपाल निवासी है पूर्व में मल्टी नेशनल कंपनी में काम करते थे । उनके साथ नौकरी दिलाने के नाम पर 1.35 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर से नेपाल के नागरिक सहित 12 आरोपीयों को सायबर क्राईम ब्रांच भोपाल ने दिल्ली से किया गिरफ्तारा इस घटना की जाँच अपराध धारा 420, 506120 (बी) भादवि के अन्तर्गत थाना क्राइम ब्रांच जिला भोपाल द्वारा की जा रही थी, जिसमे आवेदक के साथ नौकरी देने के नाम पर 1.35 करोड रूपये की अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी की गयी है। घटना को गंभीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई।जाँच में तथ्य सामने आया कि आरोपीयों द्वारा अलग- अलग नाम से जॉब देने वाली कम्पनी के नाम की वेबसाइट बनाई जाती थी। जिसके बाद आरोपीयों द्वारा उस वैबसाइट को विजिट करने वाले लोगों को डाटा निकाल कर लोगो कॉल करके उनकी जरूरत के हिसाब की नौकरी दिलवाने का प्रलोभन दिया जाता था आरोपी अपनी वेबसाइट को इस प्रकार डिजाइन करते थे जिसमे उस वैबसाइट मे ही पेमेंट गेटवे उपलब्ध होता जिसके कारण लोगो द्वारा उस वैबसाइट पर विश्वास कर लिया जाता था और रूपये की ठगी उसी पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही होती थी। जिसके बाद अलग-अलग चार्ज के नाम पर लोगों से रूपये की मांग कि जाती थी। आरोपी अपनी पहचान छुपाने व पुलिस से बचने के लिये फर्जी नबरों से कॉल करते थे एक नम्बर को 5 से 10 कॉल करने के बाद बंद कर दिया जाता था एवं वैबसाइट के पेमेंट गेटवे मे भी फर्जी दस्तावेज लगा कर गेटवे प्राप्त किया जाता था इसके साथ ही आरोपियों द्वारा पुलिस से बचने के लिये समय-समय पर बदलते थे अपने काल सेंटर की लोकेशन ।आरोपीयो द्वारा फरियादी से बात करने के लिये मेल आईडी का उपयोग किया जाता था। आरोपीयो द्वारा मेल आईजी का उपयोग वीपीएन लगा कर किया जा रहा था। एवं गेटवे मे लिंक बैंक खाते से रुपये एटीएम के द्वारा देश के अलग- अलग राज्यों से निकाले जा रहे थे। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मैदानी स्तर पर प्राप्त साक्ष्यो एंव तकनीकी एनालिसिस के आधार पर प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले कॉल सेंटर से नेपाल नागरिक सहित दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे अपराध में प्रयुक्त 4 मोबाईच फोन, 2 लैपटॉप को जप्त किया गया।आरोपियों के द्वार अभी तक 97 लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई है ।

दसवीं कक्षा के नाबालिग छात्र की हत्या के मामले मे फरार आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटो मे किया गिरफ्तार

भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट

थाना बागसेवनिया क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 14 अक्तुबर को 10 वीं कक्षा के छात्र पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट मिलने तथा, प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा समुचित दिशा निर्देश दिए गए । इस मामले में पुलिस उपायुक्त जोन - 2 भोपाल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 भोपाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त मिसरोद संभाग नगरीय पुलिस भोपाल के निर्देशन मे थाना प्रभारी बागसेवनिया के नेतृत्व मे एक टीम का गठित करके नाबालिग की हत्या में फरार आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। नाबालिग अपने अन्य दोस्तों के साथ खाना खाने के बाद लौट रहा था तभी अमराई क्षेत्र में सभी के साथ आरोपीयों ने रास्ता रोक कर गाली गालौच,मारपीट कर जान से मारने की नीयत से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी गई, फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 699/2023 धारा 341,294,307,506,34 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। हमले में घायलों को भोपाल को एम्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसमें एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई जिससे मामले में धारा 302 भादवि का इजाफा किया गया । आरोपियान की तलाश उसके निवास स्थान पर की गई जिनमे 3 बालक को चंद घंटो मे अभिरक्षा में कर लिया गया एवं तीन अन्य आरोपी घटना के समय से ही फरार हो गए थे जिनकी तलाश की गई आरोपियों को की 16 अक्तुबर को जेल पहाड़ी मे छुपे होने की जानकारी मिलते ही घेराबंदी कर तीनो फ़रार आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

मणिपुर हिंसा पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने काफी प्रासंगिक सवाल उठाये हैं

कनाडा के साथ जारी तनाव के मसले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह बयान कि भारत कनाडा के कर्मचारियों के लगातार दखल से चिंतित था, भारत ने इस मुद्दे पर बहुत कुछ सार्वजनिक नहीं किया है और उनके हिसाब से समय के साथ-साथ अधिक चीजें बाहर आ जाएंगी और लोग समझेंगे कि भारत को किस तरह की असहजता थी। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध इस समय बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं लेकिन वह बताना चाहते हैं कि भारत को कनाडाई राजनीति के कुछ हिस्सों और नीतियों से दिक्कत है। साफ-साफ समझ आ रहा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के साथ जारी विवाद के बीच जितना कुछ बताया है, उससे कहीं ज्यादा छुपाया है और यह अंतर्राष्टीय कूटनीति का तकाजा होता है कि बहुत सारी बातें खुलकर नहीं कही जाती, इशारों में ही कही जाती है या फिर एक्शन के जरिए बताया जाता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर नागपुर में अपना भाषण देते हुए मणिपुर हिंसा को लेकर जो भी कहा उसका एक-एक वाक्य अपने आप में यह बताता हुआ नजर आ रहा है कि भारत की बढ़ती साख और वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए केंद्र में एक मजबूत सरकार होने के बावजूद किस तरह से मणिपुर को हिंसा की आग में झोंका गया और अभी भी लगातार इस राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की साजिशें रची जा रही हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा, मणिपुर की वर्तमान स्थिति को देखते हैं तो यह बात ध्यान में आती है कि लगभग एक दशक से शांत मणिपुर में अचानक यह आपसी फूट की आग कैसे लग गई? क्या हिंसा करने वाले लोगों में सीमापार के अतिवादी भी थे? अपने अस्तित्व के भविष्य के प्रति आशंकित मणिपुरी मैतेयी समाज और कुकी समाज के इस आपसी संघर्ष को सांप्रदायिक रूप देने का प्रयास क्यों और किसके द्वारा हुआ? वर्षों से वहाँ पर सबकी समदृष्टि से सेवा करने में लगे संघ जैसे संगठन को बिना कारण इसमें घसीटने का प्रयास करने में किसका निहित स्वार्थ है? इस सीमा क्षेत्र में नागाभूमि व मिजोरम के बीच स्थित मणिपुर में ऐसी अशांति व अस्थिरता का लाभ प्राप्त करने में किन विदेशी सत्ताओं को रुचि हो सकती है? क्या इन घटनाओं के कारण परंपराओं में दक्षिण पूर्व एशिया की भू- राजनीति की भी कोई भूमिका है? देश में मजबूत सरकार के होते हुए भी यह हिंसा किन के बलबूते इतने दिन बेरोकटोक चलती रही है? गत 9 वर्षों से चल रही शान्ति की स्थिति को बरकरार रखना चाहने वाली राज्य सरकार होकर भी यह हिंसा क्यों भड़की और चलती रही?

लोकसभा की आचार समिति के सामने पेश हुईं महुआ मोइत्रा

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में बृहस्पतिवार को लोकसभा की आचार समिति की समक्ष पेश हुईं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने मोइत्रा को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। इस मामले के संदर्भ में वकील जय अनंत देहाद्रई और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले दिनों लोकसभा की आचार समिति के समक्ष पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए थे। भाजपा सांसद दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि मोइत्रा द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गये 61 प्रश्नों में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे। उन्होंने शिकायत में कहा है कि किसी समय मोइत्रा के करीबी रहे देहाद्रई ने मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच अडाणी समूह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए रिश्वत के लेनदेन के ऐसे साक्ष्य साझा किये हैं जिन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मोइत्रा ने आरोपों को 'ठुकराए हुए पूर्व प्रेमी' का झूठ करार देते हुए खारिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अडाणी समूह उन्हें निशाना बनाने के लिए उनके पीछे पड़ा है क्योंकि वह समूह से जुड़े लेन-देन पर लगातार सवाल उठा रही हैं। हीरानंदानी ने एक हस्ताक्षरित हलफनामे में स्वीकार किया है कि मोइत्रा ने प्रधानमंत्री मोदी की ''छवि खराब करने और उन्हें असहज करने'' के लिए गौतम अडाणी पर निशाना साधा।

राष्ट्रीय दृष्टिकोण से ही निकलेगा एसवाईएल नहर विवाद का समाधान

वर्तमान में भी जिस तरह न्यायालय ने एसवाईएल नहर पर सख्त टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई और इसकी परवाह न करते हुए पंजाब सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों ने जो हठीला रवैया अपनाया है उससे किसी का भला होने वाला नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर विवाद पर पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस पर राजनीति न हो। इस आदेश के तुरन्त बाद पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार तुरंत सक्रिय हो गई, किन्तु समाधान के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक हलवा पकाने के लिए। सुर वही छह दशक पुराने 'मैं ना मानूं-मैं ना मानूं' वाले। रोचक बात है कि शिरोमणि अकाली दल जैसे क्षेत्रीय दलों की तो छोड़ें कांग्रेस-भाजपा जैसे राष्ट्रीय दल भी न केवल सरकार के स्वर में स्वर मिलाते नजर आए और बल्कि एक-दूसरे से आगे दिखने की होड़ में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का गला घोंटते भी दिखाई दिए। जबकि वास्तविकता ये है कि इस मसले पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाने से ही कोई समाधान संभव है। मुद्दे की पृष्ठभूमि में जाएं तो विधि कार्य विभाग, जल शक्ति विभाग व पीआईबी की आधिकारिक वेबसाइट अनुसार, 1955 में रावी और ब्यास के पानी का आकलन 15.85 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) किया गया। जिसमें राजस्थान को 8, पंजाब को 7.2 व जम्मू-कश्मीर को 0.65 एमएएफ पानी आवंटित किया गया। साल 1966 में पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के बाद पंजाब और हरियाणा दो राज्य बने। इसमें पंजाब के हिस्से में से 3.5 एमएएफ का हरियाणा को दिया गया। परंतु पंजाब ने राइपेरियन सिद्धांतों का हवाला देते हुए दोनों नदियों का पानी हरियाणा को देने से इनकार कर दिया। राइपेरियन सिद्धांतों के मुताबिक, जल निकाय से सटे भूमि के मालिक को पानी का उपयोग करने का अधिकार है। विरोध के बाद केंद्र सरकार ने साल 1976 में पानी के बंटवारे पर एक अधिसूचना जारी की, लेकिन दोनों राज्यों में विवाद इतना था कि इसे लागू करना मुश्किल हो गया। हालांकि, हरियाणा ने 1980 तक अपने क्षेत्र में नहर को लेकर परियोजना पूरी कर ली। दोनों राज्यों में टकराव जारी रहा, बातचीत से भी कोई हल न निकलने के बाद साल 1981 में एसवाईएल नहर पर समझौता किया गया।

8 अप्रैल, 1982 को पटियाला के एक गांव कपूरी में एसवाईएल नहर की आधारशिला रखी गई। नहर की लंबाई 214 किलोमीटर है। इसमें से पंजाब में 122 किमी हिस्सा है। पंजाब ने भी 92 किलोमीटर के अपने हिस्से पर 1982 में काम तो शुरू किया लेकिन राजनीति के चलते इसे रोक दिया गया। जब पंजाब में इसका विरोध बढ़ा तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अकाली दल के प्रमुख हरचंद सिंह लोंगोवाल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते के बाद फिर नहर का कार्य शुरू किया गया लेकिन खालिस्तानी उग्रवादियों ने कई इंजीनियरों को और मजदूरों की हत्या कर दी और एक बार फिर परियोजना ठप हो गई। मसले के हल को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. बालकृष्ण इराडी की अध्यक्षता में इराडी अधिकरण का गठन हुआ। इसके बाद भी विवाद बना रहा तो 1996 में हरियाणा ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने 2002 में पंजाब को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में एसवाईएल काम को पूरा करे। पर पंजाब विधानसभा में 2004 वर्ष में पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट्स अधिनियम पारित किया जिसके तहत जल-साझाकरण के सभी समझौतों को खत्म कर दिया गया। पंजाब सरकार ने ऐसा करते समय इस तथ्य का ध्यान भी नहीं रखा कि किसी द्विपक्षीय समझौते को एक पक्ष निरस्त नहीं कर सकता। तब से लेकर अब तक एसवाईएल का निर्माण अधर में लटक कर रह गया और टकराव अभी भी छह दशक पुरानी स्थिति में है। वर्तमान में भी जिस तरह न्यायालय ने एसवाईएल नहर पर सख्त टिप्पणी करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई और इसकी परवाह न करते हुए पंजाब सरकार सहित सभी राजनीतिक दलों ने जो हठीला रवैया अपनाया है उससे किसी का भला होने वाला नहीं। आवश्यक है कि इस मुद्दे का सर्वमान्य हल निकाला जाए। हाल के दिनों में जब पंजाब के कई हिस्से बाढ़ का संकट झेल रहे थे तो बाढ़ के पानी की निकासी के लिए इस नहर की आवश्यकता महसूस हुई।

ममता बनर्जी की 25 दिनों की वो भूख हड़ताल आजतक बंगाल की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही है

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए खुद को उद्योग हितैषी दर्शाने के लिए काफी प्रयास कर रही है।

ममता बनर्जी सरकार का दावा है कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल है इसलिए किसी को भी मौका चूकना नहीं चाहिए। इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार इसी नवंबर माह में 21 और 22 तारीख को कोलकाता में ग्लोबल बिजनेस समिट भी आयोजित कर रही है। इस बिजनेस समिट में देश-विदेश के निवेशक आ सकें इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा संभाला हुआ है। हाल ही में ममता बनर्जी स्पेन और दुबई की 10 दिवसीय यात्रा पर भी गयी थीं ताकि निवेशकों को बंगाल में आमंत्रित किया जा सके। लेकिन इसी बीच तृणमूल कांग्रेस का उद्योग विरोधी चेहरा तब फिर सामने आ गया जब एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को निर्देश दिया कि वह घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स को सिंगूर संयंत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 766 करोड़ रुपये का मुआवजा दे। देखा जाये तो आज भले ममता बनर्जी कह रही हों कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनाया है और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल औद्योगिक विकास के मामले में आगे बढ़ा है लेकिन सच्चाई यह है कि 2006 में ममता बनर्जी ने अपनी छवि औद्योगिक विकास की विरोधी नेता की बना ली थी क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम में उद्योगों के लिए किये जा रहे भूमि अधिग्रहण का विरोध किया था। इसके नतीजतन टाटा नैनो को सिंगूर में अपनी कार परियोजना वापस लेनी पड़ी थी। उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी ने उद्योगों को आकर्षित करने के लिए टाटा नैनो प्रोजेक्ट को गुजरात के साणंद में लगाने में मदद की और जल्द ही मोदी की छवि उद्योग जगत के बीच विकासशील नेता की बन गयी थी। हालात ऐसे हो गये थे कि बंगाल से निवेशक दूर होते जा रहे थे वहीं गुजरात में देश ही नहीं विदेशी निवेशक भी रुचि दिखा रहे थे। देखा जाये तो टाटा नैनो के निर्माण प्लांट को पश्चिम बंगाल से बाहर भेजने के लिये दबाव डालना बड़ी भूल थी और इसने अन्य उद्योगपतियों के लिये बाधाएं पैदा करने का काम किया था। उस समय 1000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी टाटा मोटर्स के प्रोजेक्ट के उखड़ते दृश्य टीवी पर इतने बार दिखाये गये थे कि हर उद्योगपति ने यह बात अपने पल्ले बांध ली थी कि बंगाल में निवेश से दूर रहना है। इसलिए अब जब राज्य सरकार ग्लोबल बिजनेस समिट आयोजित करने जा रही है तब सिंगूर का भूत एक बार फिर सामने आकर खड़ा हो गया है जिसे देखकर सबके हाथ-पांव फूल रहे हैं। ममता बनर्जी सरकार की मुश्किल यह है कि वह अब यदि जोरदार तरीके से सिंगूर आंदोलन में अपनी भूमिका का बचाव करे तो निवेशक फिर भागेंगे।

पीएम मोदी आज आएंगे छत्तीसगढ़, बस्तर के कांकेर में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सियासी दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ आएंगे। पीएम मोदी यहां कांकेर जिले में चुनावी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी यहां कांकेर, अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों को जीताने की अपील करेंगे। वहीं 30 अक्टूबर को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के दौरे के बाद अब चार नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी का दुर्ग आगमन हो रहा है। यहां तैयारियों के लिए पार्टी ने ताकत झोंक दी है। पार्टी सूत्रों की तरफ से मिली जानकारी के आधार पर पीएम मोदी रोड शो और चुनावी सभा भी करेंगे। उसके बाद सात नवंबर को सरगुजा के दौरे पर पीएम मोदी रहेंगे। यहां विश्रामपुर और सूरजपुर में वह चुनावी सभा करेंगे। इसके बाद 14 नवंबर को रायपुर में पीएम मोदी रोड शो करेंगे। बतादें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। 7 नवंबर को पहला चरण और 17 नवंबर को दूसरे चरण के तहत वोटिंग होगी और तीन दिसंबर को वोटों की गिनती होगी।

छत्तीसगढ़ की अंतागढ़ सीट पर बागी बिगाड़ सकते हैं कांग्रेस का समीकरण

अंतागढ़। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित अंतागढ़ विधानसभा में कुल 13 प्रत्याशी मैदान में है। इसमें कांग्रेस के दो बागी वर्तमान विधायक अनूप नाग और पूर्व विधायक मंतुराम पवार के साथ ही भाजपा से पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी और कांग्रेस से रूपसिंह पोटाई जोर आजमाइश कर रहे हैं।



आम आदमी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और अंबेडराइट पार्टी ने भी यहां उम्मीदवार खड़ा किया है। यहां का मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। अंतागढ़ विधानसभा को दो भागों में बांटा जाता है, एक परलकोट क्षेत्र और दूसरा अंतागढ़। मंतुराम पवार के बाद से रूपसिंह परलकोट क्षेत्र से दूसरे नेता है, जिन्हें कांग्रेस ने टिकट दिया है। अंतागढ़ विधानसभा के घोटुलबेडा गांव के निवासी विक्रम उसेंडी भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वे 90 के दशक में शिक्षक पद से त्यागपत्र देकर राजनीति में आए थे। वे 1993 में पहली बार विधायक बने। इसके बाद 2003 से 2013 तक तीन बार विधायक चुने गए। 2004 से 2008 तक वन मंत्री रहे। 2003 से 2004 तक शिक्षा मंत्री भी रहे। 2014 में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी चुने गए। उन्हें पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया था। उन्होंने छह बार विधानसभा चुनाव लड़ा जिसमें चार बार विजयी रहे। टिकट कटने के बाद वर्तमान विधायक अनूप नाग निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वे थानेदार के पद से सेवानिवृत्त होकर विधायक बने थे। पूर्व कांग्रेस विधायक मंतुराम टेप कांड से चर्चा में रहे। दोनों पूर्व विधायकों को कांग्रेस ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आप आदमी पार्टी की टिकट पर संतराम सलाम चुनाव लड़ रहे हैं। वे पिछले चुनाव में पांच हजार मतों में ही सिमट गए थे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने शिवप्रसाद गोटा को मौका दिया है। अंबेडकराइट पार्टी ने इस बार सुरेन्द्र कुमार दर्रो को टिकट दिया है। कांग्रेस से रूपसिंह पोटाई, भाजपा से विक्रम उसेंडी, आप से संतराम सलाम, गोंगपा से शिवप्रसाद गोटा, अंबेडकराइट पार्टी से सुरेन्द्र कुमार दर्रो के साथ निर्दलीय प्रत्याशी अनूप नाग, मन्तूराम पवार चुनाव लड़ रहे हैं। नरहरदेव गावड़े, मानचू मण्डावी, लीलाधर कोरेटी, रमेश मण्डावी, रामनारायण उसेण्डी, संतुराम नुरूटी भी मैदान में है।

झारखंड में शराब घोटाले मामले को लेकर रायपुर के दो व्यापारियों के ठिकानों पर ईडी की दबिश

ENFORCEMENT DIRECTORAT

रायपुर। झारखंड राज्य में हुए शराब घोटाले को लेकर झारखंड से रायपुर पहुंची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने जीवन विहार कालोनी में शराब कारोबारी अतुल सिन्हा और मुकेश मनचंदा के आफिस में दबिश दी। हालांकि इस दबिश की पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन कहा जा रहा है कि ईडी के अधिकारी दोनों शराब कारोबारियों के आफिस के बाद घरों की भी जांच कर सकते हैं। झारखंड से आई प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बुधवार दोपहर के समय शराब कारोबारी अतुल सिन्हा और मुकेश मनचंदा के जीवन विहार कालोनी में जब दबिश दी तो वे नहीं थे। बाद में पहुंचे। झारखंड में हुए आबकारी घोटाले में दोनों कारोबारियों की संलिप्तता मिलने पर ईडी ने यह कार्रवाई की है। दोपहर से देर रात तक ईडी की टीम जांच में जुटी हुई थी। बताया जाता है कि झारखंड में शराब घोटाले में जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। ईडी को रांची, धनबाद, दुमका, देवघर और गोडडा स्थित 30 ठिकानों में तलाशी के दौरान घोटाले से संबंधित दस्तावेज मिले थे, इसमें रायपुर के उक्त दोनों कारोबारियों द्वारा प्रमुख भूमिका अदा करने की जानकारी मिली थी। बतादें कि झारखंड में शराब के आपूर्ति की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ की एजेंसी कर रही है।

बीजापुर में नक्सलियों ने ग्रामीण को गला घोंटकर उतारा मौत के घाट, मुखबिरी का लगाया आरोप

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में बुधवार की दरमियानी रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या के बाद शव को नड़पल्ली एवं गलगम के बीच सड़क किनारे फेंक दिया। नक्सलियों द्वारा पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या की गई।मृतक मुचाकी लिंगा (40 वर्ष) उसूर ब्लाक के ग्राम गलगम का निवासी है। आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च अभियान जारी है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इस घटना की पुष्टि की है। विधानसभा चुनाव पूर्व माओवादियों द्वारा चुनाव बहिष्कार के संबंध में पर्चे भी क़ई इलाकों में फेंके है। माओवादियों द्वारा प्रेस नोट में मतदान दलों को पुलिस के साथ दाखिल होने के मना किया।

रात में बढ़ने लगी हल्की ठंड, नारायणपुर में पारा 14 डिग्री पहुंचा, अगले सप्ताह गिरेगा तापमान

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आने वाली ठंडी व शुष्क हवाओं के चलते अब रात के वक्त हल्की ठंड में बढ़ोतरी होने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नमी बढ़ने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा और अगले सप्ताह से ठंड में और बढ़ोतरी होगी। आने वाले तीन दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से प्रदेश के मध्य क्षेत्र के ओडिशा से लगे जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। इसके प्रभाव से गुरुवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।

नारायणपुर सबसे ठंडा

बुधवार को प्रदेश में नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर में न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में अभी अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।

गर्म कपड़ों के स्टाल लगने लगे

मोतीबाग, टिकरापारा सहित शहर के कई स्थानों पर गर्म कपड़ों के स्टाल भी लगने लगे है। अभी गर्म कपड़ों की खरीदारी पर 20 फीसद की छूट दी जा रही है। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ते ही और भी कई क्षेत्रों में गर्म कपड़ों का स्टाल शुरू होगा।

जनशताब्दी एक्सप्रेस में दो यात्रियों से मिले 58 लाख के आभूषण, मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ ने पकड़ा

भिलाई। रायगढ़ से गोंदिया जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे दो यात्रियों से बुधवार को 58 लाख के सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने मौके पर जांच के दौरान इन दोनों यात्रियों को पकड़ा। दोनों जेवरात का कोई दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं करा पाए। आरपीएफ ने मामला सहायक आयुक्त, राज्यकर, जीएसटी जिला नोडल, दुर्ग के सुपुर्द कर दिया है। बुधवार दोपहर दुर्ग आरपीएफ को सूचना मिली कि प्लेटफार्म नंबर-दो पर गाड़ी संख्या 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस के कोच डी-5 में मौजूद दो यात्री के पास रखे लाल रंग की एक ट्राली बैग में संदिग्ध सामान है। सूचना पर आरपीएफ दुर्ग में पदस्थ इंस्पेक्टर एसके सिन्हा, एएसआइ सनातन थानापति की टीम मौके पर पहुंची। यात्री हरप्रीत सिंह व सुरिंदर पाल सिंह दोनों निवासी 60 सुल्तानविंड रोड, पार्क के पास कोट कर्नेल सिंह, थाना सुल्तानविंड, जिला अमृतसर (पंजाब) के ट्राली बैग की जांच की। बैग में लगभग एक किलो सोने से बनी हुई अंगूठी, ब्रेसलेट, नाक की फुल्ली, कान की बाली बरामद की गई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 58 लाख रुपये व एक अन्य बैग में रखे इमिटेशन ज्वेलरी नाक की फुल्ली, कान का टाप्स अनुमानित कीमत तीन हजार रुपये कुल कीमत 58 लाख तीन हजार रुपये का जेवर मिला। पूछताछ में दोनों व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार का वैध कागजात पेश नहीं किया जा सका। एसआइ एसके सिन्हा ने बताया कि मौजूद गवाहों के समक्ष जब्ती पत्र तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त, राज्यकर,जीएसटी जिला नोडल, दुर्ग के सुपुर्द कर दिया गया।

hotstar
specials
AARYA

सुष्मिता की आर्या सीजन-3 आज से रिलीज...

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या सीजन-3 , आज 03 नवंबर से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। 'आर्या सीजन-3' राम माधवानी द्वारा रचित और सह-निर्देशित एवं अमिता माधवानी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित है। आर्या सीजन 3' के बारे में सुष्मिता सेन ने बताया कि शूटिंग के माहौल और सेट-अप ने कैसे उनकी मदद की। 'आर्या 3' में आर्या सरीन का किरदार निभाने वालीं सुष्मिता सेन ने कहा, मुझे काम पर लौटने की जल्दी थी और मेरा मानना है कि किसी स्थिति के बारे में आप बैठकर जितना सोचते हैं, उतने ही उसमें फंसते जाते हैं। जिन्दगी की किसी भी चुनौती को पीछे छोड़ देने का एक ही तरीका है आगे बढ़ते रहना और मुझे सिर्फ अपने डॉक्टर से हरी झंडी चाहिये थी।



हाथ से ही कर दिए किंग कोबरा के दो टुकड़े

मुंबई। चियान विक्रम की फिल्म 'थंगालान' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में विक्रम का 'खूंखार' अवतार देखने को मिला है जो अपने हाथों से ही जहरीले किंग कोबरा के दो टुकड़े करते दिख रहे हैं। तलवार के साथ एक्टर का एक्शन मोड भी नजर आ रहा है। बता दें कि फिल्म थंगालान अगले साल 26 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। 'थंगालन' की स्टोरी के बारे में बात करें तो यह भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान कोलार गोल्ड फील्ड्स की एक सच्ची कहानी पर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में विक्रम के साथ पार्वती और मालविका मोहनन भी लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा पशुपति, डैनियल कैल्टागिरोन और हरिकृष्णन अंबुदुरई भी 'थंगालन' का हिस्सा हैं।

सनी बोले- ईशा और अहाना मेरी बहनें हैं...

मुंबई। कॉफी विद करण 8 में सनी देओल और बॉबी देओल आए। शो का नया एपिसोड रिलीज हो चुका है। जिसमें सनी और बॉबी अपनी फैमिली के बारे में बात करते हुए नजर आए। सनी देओल की हाल ही में फिल्म गदर 2 रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है। गदर 2 के साथ देओल फैमिली में खुशियां भी आ गई हैं। सनी देओल ने अपनी बहनों ईशा और अहाना के साथ रिश्ते पर बात की। ईशा और अहाना देओल के साथ इक्वेशन पर सनी ने कहा- वो मेरी बहनें हैं। ये ही है जो है, ये कोई भी नहीं बदल सकता है। इन सबके बीच सबसे खूबसूरत चीज ये हुई कि फिल्म सक्सेसफुल हो गई। इस फिल्म के साथ सनी और बॉबी का ईशा और अहाना ने रियूनियन हुआ है। पहली बार देओल ब्रदर और सिस्टर साथ में नजर आए। ईशा ने अपने खास दोस्तों के लिए गदर 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखी थीं। जिसमें सनी देओल और बॉबी देओल पहुंचे थे।

करवाचौथ पर सोलह श्रृंगार में सजीं बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने चांद संग किया प्रियतम का दीदार

मुंबई। देशभर में भारतीय सुहागनों ने 1 नवंबर करवाचौथ मनाया। अपनीपति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखकर उन्होंने पूजा की। इसी कड़ी में बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस ने भी अपनी पति के लिए करवाचौथ का व्रत रखा और करवाचौथ के मौके पर वे साड़ी, जूलरी, मांग में सिंदूर, हाथों में मेहंदी और माथे पर बिंदी लगाकर सोलह श्रृंगार किए दिखाई दीं।

परिणिति का पहला करवा चौथ : शादी के बाद परिणीति चोपड़ा का यह पहला करवाचौथ था। सुर्ख लाल सूट, हाथों में चूड़ा, मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र पहने वे बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर पति राघव चड्ढा संग करवाचौथ की पूजा करते हुए फोटोज पोस्ट की हैं। इन फोटोज में परिणीति अपनी करवाचौथ की स्पेशल मेहंदी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। साथ की एक्ट्रेस ने चांद की इमोजी बनाई है।

कैटरीना ने पति संग की पूजा : एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी करवाचौथ पर विक्की कौशल के लिए व्रत रखा था। रेड साड़ी, मांग में सिंदूर, माथे पर लाल बिंदी और गले में मंगलसूत्र पहने उनका ट्रैडिशनल लुक सामने आया है।

उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति विक्की और सासा-ससुर संग फोटोज शेयर की है।

बिग बॉस के घर भी कपल्स ने मनाया करवाचौथ: बिग बॉस 17 के घर में भी करवा चौथ का पर्व मनाया गया। ऐश्वर्या शर्मा ने पति नील भट्ट के लिए व्रत रखा था तो वहीं अंकिता लोखंडे ने भी विक्की जैन की लंबी उम्र के लिए उपवास किया था। दोनों ने दुल्हनों की तरह सोलह श्रृंगार किया और करवाचौथ की पूजा की।

वरुण धवन ने करवाचौथ पर किया खास पोस्ट

एक्टर वरुण धवन ने पत्नी नताशा के साथ करवाचौथ के पूजा की बाद की तस्वीरें शेयर की हैं। अपने इंस्टाग्राम पर खास फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- सभी लोगों को करवाचौथ की शुभकामनाएं। सभी के लिए सुरक्षा और शांति की कामना करता हूं। भारतीय नारी सब भारी हालांकि नताशा वाकई में हल्की है इसलिए उसे अपनी गोद में बैठाना अच्छा लगता है।

मोनालिसा ने वीडियो कॉल से मनाया करवाचौथ : भोजपुरी की खूबसूरत एक्ट्रेस मोनालिसा ने भी अपने पति के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। हालांकि उनके पति विक्रांत सिंह उनके साथ मौजूद नहीं थे। ऐसे में एक्ट्रेस ने वीडियो कॉल पर अपना व्रत तोड़ा। उन्होंने अपनी करवाचौथ पूजा की झलकियां भी शेयर की हैं। करवाचौथ के मौके पर शिल्पा शेट्टी अपने पति राज कुंद्रा के साथ दिखाई दीं। राज कुंद्रा इस दौरान व्हाइट कलर के आउटफिट में नजर आए। शिल्पा शेट्टी ने त्योहार के इस मौके पर गुलाबी रंग की साड़ी पहनी।

एक बार फिर हंसी से लोट-पोट कर देगा पारेख परिवार...

मुंबई। नवंबर का महीना सिनेमा लवर्स के लिए बेहद एंटरटेनिंग होने वाला है। इस महीने एक से बढ़कर एक फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। वहीं इस लिस्ट में ऐडवेंचर-कॉमेडी फिल्म 'खिचड़ी 2' का नाम भी शामिल है। फिल्म 17 नवंबर को सिनेमाघरों रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं कुछ समय पहले इसका टीजर सामने आया है, जिसके बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि खिचड़ी 2 का क्लैश सलमान खान की एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' से हो रहा है। टाइगर 2 12 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

'खिचड़ी 2' में हंसा-प्रफुल की जोड़ी का धमाल : वहीं अब फिल्म का ट्रेलर सामने आया है, जिसे देखकर आप एक बार फिर हंसी से लोटपोट होने वाले हैं। फिल्म का ट्रेलर बेहद मजेदार नजर आ रहा है, जिसकी कहानी एक बार फिर गुजराती परिवार पारेख परिवार के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आ रही है। वहीं ट्रेलर में हंसा और प्रफुल की जोड़ी दोबारा से धमाल मचा रही है। 2:34 मिनट के इस ट्रेलर की बात करें तो इस बार पारेख परिवार एक नए मिशन पर निकला है।

फराह खान भी आएंगी नजर : वहीं इस मल्टीस्टारर फिल्म में सुप्रिया पाठक के अलावा, जमनादास मजेठिया, राजीव मेहता, वंदना पाठक, अनंग देसाई, कीर्ति कुल्हारी, परेश गंत्रा, अनंत विधात, फराह खान और प्रतीक गांधी जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म को आतिश कपाड़िया के डायरेक्ट किया है. वहीं खिचड़ी के पहले पार्ट को भी इन्होंने ही डायरेक्ट किया था। बता दें कि खिचड़ी का पहला पार्ट 2010 में आया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले थे।



एक दिन में देखें तीन इंद्रधनुष...

मुंबई। अनन्या पांडे ने मालदीव के एक रिसॉर्ट में अपना 25वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस ने इस सेलिब्रेशन से जुड़ी कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इस खास मौके पर अनन्या कलरफुल मैक्सी ड्रेस में नजर आईं और शानदार खाने को एंजॉय करती दिखीं। एक्ट्रेस द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में उन्हें समुद्र किनारे ओपन थिएटर में मूवी एंजॉय करते भी देखा गया। बता दें कि अनन्या अपना बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए आदित्य रॉय कपूर के साथ मालदीव गई हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या ने लिखा, '25!!!!! (चेहरे पर आंसू रोकते हुए इमोजी) बहुत सारा ग्रैटिट्यूड, शानदार खाना और सनशाइन, धन्यवाद, धन्यवाद, अच्छी वाइब्स और ढ़ेर सारे प्यार के के लिए सभी का धन्यवाद। अनन्या ने कहा कि तीन इंद्रधनुष देखें और मुझे ऐसा लगा जैसे यह एक संकेत है।



इमरान की लाइफ में लेखा की एंट्री...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर इमरान खान बीते लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब चल रहे हैं। वहीं बीते दिनों इमरान अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खूब चर्चा में रहे। लेकिन तलाक के बाद अब इमरान की जिंदगी में एक खास शख्स की एंट्री हो चुकी है। बीती रात इमरान किर्ती खरबंदा की बर्थडे पार्टी में देखा गया। इस दौरान वह अकेले नहीं, बल्कि एक खास शख्स के साथ स्पॉट हुए। इमरान यहां अपनी रुमर्ड गर्लफ्रेंड साउथ एक्ट्रेस लेखा वाशिंगटन के साथ स्पॉट हुए। बता दें कि दोनों ने फिल्म 'मटरू की बिजली का मन डोला' में एक साथ काम किया था। वहीं बीती रात दोनों को साथ देखने के बाद अब उनका यह रिश्ता कंफर्म माना जा रहा है। बता दें कि लेखा वाशिंगटन शादीशुदा है। वहीं इमरान ने साल 2011 में अवंतिका संग शादी रचाई थी और साल 2019 में दोनों अलग हो गए।

सेंसेक्स में 500 अंक से ज्यादा की तेजी ये 64,150 के स्तर पर कारोबार कर रहा

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी गुरुवार (2 नवंबर) को बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 64,150 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 150 अंक से ज्यादा की तेजी है, यह 19,160 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और सिर्फ 1 में गिरावट देखने को मिल रही है। आज अडाणी एंटरप्राइजेज और टाटा मोटर्स के सितंबर तिमाही के नतीजे जारी होने वाले हैं। इसके अलावा बर्जर पेंट्स, डाबर, अडाणी पावर, IRF और गोदरेज प्रॉपर्टीज सहित कई अन्य कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजे आने वाले हैं। होनासा कंज्यूमर लिमिटेड का IPO में पैस लगाने का आज आखिरी मौका है। ये कंपनी मामाअर्थ की पैरेंट कंपनी है, जो बेबी प्रोडक्ट बनाती है। रिटेल निवेशक इस IPO के लिए 31 अक्टूबर को खुला था जो आज यानी, 2 नवंबर को बंद होगा। 10 नवंबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। होनासा कंज्यूमर लिमिटेड इस IPO के जरिए ?1,701 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी ?365 करोड़ के फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। बाकी कंपनी के मौजूदा निवेशक और कंपनी के प्रमोटर ऑफर फॉर सेल के जरिए अपने शेयर बेचेंगे।

HINDALCO +0.7%
+0.70

कल बाजार में रही थी गिरावट

इससे पहले कल यानी बुधवार (1 नवंबर) को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 283 अंक फिसलकर 63,591 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 90 अंक की गिरावट रही, यह 18,989 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी देखने को मिली थी।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 100 रुपए महंगा हुआ

बिना वीजा थाईलैंड जा सकेंगे भारतीय, जेट एयरवेज की 538 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त

नई दिल्ली। कल की बड़ी खबर गैस सिलेंडर के दाम से जुड़ी रही। मंगलवार को दिवाली से ठीक पहले सरकार ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में 100 रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सरकार ने अक्टूबर 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी त्रस्ज्ञ से 1.72 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी अक्टूबर 2022 के मुकाबले 13त्र ज्यादा है। अडाणी ग्रुप की दो बड़ी कंपनियां अडाणी इंटरप्राइजेज और अडाणी पावर दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजे घोषित करेंगी। इसके अलावा टाटा मोटर्स, सुजलॉन एनर्जी, डाबर इंडिया जैसी कंपनियों के रिजल्ट भी जारी होंगे। आज भारतीय बाजार में दो बड़े ब्रांड की कार लॉन्च होंगी। इसमें फॉक्सवेगन टाइगुन त्रञ्ज एज ट्रेल एडिशन और मर्सिडीज बेंज त्रस्थ फेसलिफ्ट शामिल हैं। इसके अलावा स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी लावा लो बजट सेगमेंट में ब्लेज 2 5त्र को लॉन्च करेगी। शेयर बाजार में आज गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 283 अंक फिसलकर 63,591 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 90 अंक की गिरावट रही, यह 18,989 के स्तर पर बंद हुआ। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

1. कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 100 रुपए महंगा : दिल्ली में BS-4 डीजल बसों की एंट्री बंद

1 नवंबर से कई छोटे-बड़े बदलाव हुए हैं। दिवाली से ठीक पहले सरकार ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में 100 रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी क्चस्श्व ने इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट पर ट्रांजेक्शन चार्ज बढ़ा दिया है। दिल्ली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1833 रुपए हो गई है। कोलकाता में यह 1943 रुपए में मिलेगा। मुंबई में 1785.50 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए में मिलेगा। इससे पहले एक अक्टूबर को भी इसके दामों में करीब 200 रुपए का इजाफा किया गया था। दिल्ली में पहले ये 1731.50 रुपए, कोलकाता में 1839.50 रुपए, मुंबई में 1684 रुपए और चेन्नई में 1898 रुपए में मिल रहा था। वहीं 14.2 चत्र वाले घरेलू गैस सिलेंडरों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 903 रुपए और भोपाल में 908 रुपए में मिल रहा है।

लावा का सस्ता 5G स्मार्टफोन ब्लेज 2 लॉन्च होगा

6.5 इंच HD+ डिस्प्ले के साथ 50MP का कैमरा

नई दिल्ली। भारतीय मोबाइल कंपनी लावा आज यानी 2 नवंबर को LAVA ब्लेज 2 5त्र स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने ऑफिशियल वेबसाइट पर फोन की तस्वीर शेयर करते हुए इसके बारे में जानकारी दी थी। लावा का यह फोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6020 ?ऑक्टाकोर प्रोसेसर के साथ आ सकता है, जो 7 नैनोमीटर पर बना चिपसेट है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो यह फोन ?9,999 की शुरुआती कीमत के साथ आ सकता है। कंपनी ने अभी तक फोन के किसी भी स्पेसिफिकेशन की जानकारी नहीं दी है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में स्मार्टफोन के एक्सपेक्टेड स्पेसिफिकेशन के बारे में कई दावें हैं। आइए इन्हीं रिपोर्ट्स के अनुसार स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं।

डिस्प्ले : LAVA ब्लेज 2 5G फोन में कंपनी 20:9 आस्पेक्ट रेशियो और 90॥5 रिफ्रेश रेट सपोर्ट वाली 6.5 इंच की HD+ डिस्प्ले दे सकती है।

कैमरा: फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर पैनल में डुअल कैमरा सेटअप मिलेगा। इसमें प्रायमरी कैमरा 50स्क्क और सेकंडरी कैमरा 2स्क्कका शामिल हो सकता है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए कंपनी 8MP का कैमरा दे सकती है।

बैटरी: पावर बैकअप के लिए इसमें 18W की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000 mAh की बैटरी मिल सकती है।

सॉफ्टवेयर: लावा ब्लेज 2 5G फोन में एंड्रॉयड 13 बेस्ड ऑपरेटिंग सिस्टम मिल सकता है।

कनेक्टिविटी: कनेक्टिविटी की बात करें तो कंपनी इसमें बेसिक कनेक्टिविटी के साथ 3.5mm हेडफोन जैक और चार्जिंग के लिए स्क्रटाइप-ष्ट पोर्ट मिलेगा।

बिना वीजा थाईलैंड जा सकेंगे भारतीय: इकोनॉमी को बूस्ट देने के लिए थाई सरकार का फैसला, इससे 12 हजार करोड़ का अतिरिक्त रेवेन्यू मिलेगा

बैंकॉक । अपनी इकोनॉमी को बूस्ट देने के लिए थाईलैंड ने भारत और ताइवान के नागरिकों के लिए वीजा फ्री एंट्री का ऐलान किया है। भारतीय 10 नवंबर, 2023 से 10 मई, 2024 तक बिना वीजा के थाईलैंड जा सकते हैं और 30 दिनों तक वहां रह सकते हैं। टूरिज्म सीजन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से थाईलैंड को ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। थाई सरकार के प्रवक्ता चाई वाचरोन्के ने कहा कि इस स्कीम से 14 लाख अतिरिक्त पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इससे अतिरिक्त 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12 हजार करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट होगा।

वहीं प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा, हम भारत और ताइवान के नागरिकों को वीजा-फ्री एंट्री देंगे क्योंकि उनके बहुत से लोग थाईलैंड की यात्रा करना पसंद करते हैं। अब तक, भारतीय और ताइवानी पर्यटकों को इमिग्रेशन चेकपॉइंट पर 15 दिनों के वीजा ऑन अराइवल के लिए आवेदन करना पड़ता था।

थाईलैंड की GDP में टूरिज्म का 20% योगदान

थाईलैंड का टूरिज्म सेक्टर उसकी कुल GDP में लगभग 20त्र का योगदान देता है, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसी तरह श्रीलंका का टूरिज्म सेक्टर भी कोविड में प्रभावित हुआ है। ऐसे में श्रीलंका ने भी टूरिज्म को बूस्ट देने के लिए भारत और चीन सहित सात देशों के लिए 31 मार्च 2024 तक वीजा फ्री एंट्री का ऐलान किया है।

इससे पहले सितंबर में उसने चीनी नागरिकों के लिए भी वीजा फ्री एंट्री का ऐलान किया था। 2019 में थाईलैंड घूमने के लिए सबसे ज्यादा लोग चीन से पहुंचे थे। थाईलैंड के रिकॉर्ड 3.9 करोड़ अराइवल्स में से 1.1 करोड़ अराइवल चीन के थे। इस साल जनवरी-अक्टूबर के बीच थाईलैंड में 2.2 करोड़ पर्यटक आए। इन पर्यटकों से थाईलैंड को 25.67 बिलियन यानी करीब 2.1 लाख करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिला। इनमें से लगभग दस लाख रूसी पर्यटक थे। वहीं जनवरी-सितंबर के बीच 12 लाख भारतीयों ने थाईलैंड विजिट किया। थाईलैंड जाने के मामले में मलेशिया, चीन और दक्षिण कोरिया के बाद भारत चौथा नंबर पर है। भारत सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या 2011 में 1.4 करोड़ से बढ़कर 2019 में 2.7 करोड़ पर पहुंच गई थी। फिर कोरोना महामारी के कारण दो साल तक टूरिज्म सेक्टर ठप रहा। 2022 में यह संख्या फिर से 2.1 करोड़ हो गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)